दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**
सभी पाठकों को विजय दशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... दशहरा के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 05 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 07 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 05 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 10

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अयोध्या में रामलीला के दौरान दिल के दौरे से 'रावण' की मौत

**अयोध्या (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में रामलीला समारोह में रावण की भूमिका निभा रहे एक कलाकार की दिल का दौरा पडऩे से मौत हो गई। एक दिन पहले फतेहपुर जिले में रामलीला के 'लंका दहन' प्रसंग के दौरान हनुमान की भूमिका निभा रहे 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत दिल का दौरा पडऩे से हो गई थी। 60 वर्षीय कलाकार पतिराम अयोध्या के ऐहर गांव में 'सीता हरण' प्रसंग के दौरान रावण की भूमिका निभा रहे थे, उसी समय उनके सीने दर्द उठा, उन्होंने अपना सीना पकड़ लिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, वह बेहोश होकर मंच पर गिर पड़े। रामलीला का मंचन तुरंत रोक दिया गया और रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा पतिराम को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण 'कार्डियक अरेस्ट' होने की पुष्टि की है। ग्राम प्रधान पुनीत कुमार साहू ने बताया कि पतिराम कई वर्षों से रावण की भूमिका निभाते आ रहे थे। उनके परिवार में पत्नी देवमती, दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। इससे पहले इसी तरह की एक घटना में फतेहपुर जिले के सलेमपुर गांव में रामलीला के दौरान नकली पूंछ में आग लगने के बाद हनुमान की भूमिका निभा रहे 50 वर्षीय राम स्वरूप को दिल का दौरा पड़ा था और तुरंत मौत हो गई थी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### केंद्र सरकार ने सीडीएस अनिल चौहान को दी जेड कैटेगरी की सुरक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सरकार ने नवनियुक्त चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान को दिल्ली पुलिस की जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है। दिल्ली पुलिस की तरफ से उन्हें ये सुरक्षा कवर दिया जाएगा। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान को जेड कैटेगरी की सुरक्षा मुहैया करवाई जा रही है। इंटेलिजेंस ब्यूरो की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट के आधार पर ये फैसला लिया गया है। इसमें दिल्ली पुलिस के कमांडो उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में जनरल अनिल चौहान ने देश के दूसरे सीडीएस का कार्यभार संभाला है। वह ऐसे पहले सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, जिन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद चार सितारा रैंक के साथ सेवा में वापसी की है।

### परीक्षा फार्म भरवाने के बहाने युवती को अगवाकर किया दुष्कर्म

**जौनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में थाना मछलीशहर क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से परीक्षा फार्म भरवाने की बात कहकर युवक उसे जौनपुर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने मछलीशहर थाने में तहरीर दी कि स्कूल आते-जाते रास्ते में एक युवक से उसका परिचय हो गया। उसे एक फार्म भरना था। उस युवक ने जौनपुर ले जाकर परीक्षा फार्म भरवाने की बात कही। वह उसके साथ जौनपुर चली गई। वहां युवक ने दुष्कर्म किया। बाद में युवक धमकी देकर दोबारा संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा तो किशोरी ने यह बात अपने परिवार के लोगों को बतायी। उसने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आकाश मिश्र निवासी कटका के खिलाफ खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## गंगा में नहाते समय 6 डूबे, 1 युवक की मौत, 4 किशोरियां समेत 1 लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

❑ **कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी आउटर मौके पर पहुंचे**

**कानपुर (आरएनएस)।** शहर के बिल्हौर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। अरौल की कोठी घाट पर गंगा नहाते समय 6 लोग डूब गए। इसमें एक युवक की मौत हो गई है। जबकि एक युवक और चार किशोरियां गंगा में लापता हैं। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। गंगा में उनकी तलाश की जा रही है।



**दुकान के उद्घाटन पर घर आए थे**

मंगलवार देर शाम समाचार लिखे जाने तक घाट पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र है। आईजी कानपुर रेंज प्रशांत कुमार,डीएम विशाख जी अय्यर,एसपी आउटर समेत पुलिस और प्रशासन के अफसर भी पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने छह एंबुलेंस मौके पर पहुंची हैं। कानपुर नगर से करीब 50 किमी पश्चिम में बिल्हौर के अरौल कस्बे में बरंडा गांव निवासी संदीप कटियार ने मकनपुर रोड पर रेडीमेड कपड़ों की दुकान खोली है। रविवार को दुकान का उद्घाटन था, जिसमें संदीप के रिश्तेदार कानपुर और फर्रुखाबाद से घर पर आए थे।

डूबने वालों में दो किशोरियां पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमलता कटियार की रिश्तेदार हैं। कोठी घाट पर उनकी पुत्री पूर्व मंत्री एवं कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार पहुंचीं और स्वजन को ढांढस बंधाया। वहीं डूबने वाले केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के भी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

बिल्हौर के अरौल में बरंडा गांव निवासी संदीप कटियार की मकनपुर रोड स्थित रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान के उद्घाटन में कानपुर और फर्रुखाबाद से रिश्तेदार आए थे। इनमें पनकी गंगागंज निवासी सौरभ, कल्याणपुर बैरी निवासी अनुष्का व अंशिका,प्रदीप की 17 साल की पुत्री तनुष्का,सृष्टि व गौरी समेत आठ लोग क्षेत्र के कोठी घाट पर गंगा स्नान करने पहुंचे थे। मंगलवार की सुबह कोठी घाट पर गंगा नहाते समय डूब गए। गोतोखारों ने सौरभ को बाहर निकाल लिया लेकिन अभी एक युवक व चार किशोरियां लापता हैं।

**पूर्व कैबिनेट मंत्री की है रिश्तेदार**

पुलिस और प्रशासन गोतोखोरों की मदद से उनकी तलाश करा रही है। गंगा में डूबने वाली अनुष्का और अंशिका पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमलता कटियार की बहन की पौत्रियां हैं, जो कल्याणपुर बैरी में परिवार के साथ रह रही हैं।

मूल रूप से अरौल के बगुलिहाई गांव निवासी प्रेमलता कटियार की बहन स्नेह लता कटियार का बेटा विनय, पत्नी रुचि व दो बेटियां अनुष्का,अंशिका के साथ कल्याणपुर बैरी खेड़ा में रहते थे। चार वर्ष पहले विनय की बीमारी के चलते मौत हो गई थी, इसके बाद से रुचि काकादेव में कोचिंग पढ़ाकर दोनों बेटियों का गुजर बसर कर रहीं थी। अनुष्का (15) बिठूर रोड स्थित मंटोरा पब्लिक स्कूल में नौवीं की छात्रा थी, जबकि उसकी बहन अंशिका (12) कक्षा सात में पढ़ती थी। घटना की जानकारी के बाद मिश्रिख सांसद अशोक रावत,मंडलायुक्त डॉ राजशेखर,आईजी,डीएम,एसपी आउटर समेत प्रशासनिक अधिकारी भी घाट पर पहुंचे।

## उत्तरकाशी में बर्फीला तूफान, 29 पर्वतारोही आए चपेट में

### रेस्क्यू में जुटी सेना

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में द्रौपदी का डांडा-2 पर्वत चोटी पर बर्फीले तूफान के कारण 29 पर्वतारोही फंस गए, जिनमें से 8 को बचा लिया गया है। प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया है। बर्फीले तूफान में नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग के 28 ट्रेनी फंस गए थे। नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग की टीम के साथ जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और आईटीबीपी के जवान बचाव अभियान में जुटे हुए हैं।

इंडियन एयर फोर्स के अधिकारी ने बताया है कि बचाव और राहत कार्यों के लिए सेना ने दो चीता हेलीकॉप्टर्स को तैनात किया है। अन्य सभी हेलीकॉप्टर्स के बेड़े को किसी भी अन्य आवश्यकता के लिए स्टैंडबाय पर रखा गया है। बताया जा रहा है कि सभी पर्वतारोही 23 सितंबर को उत्तरकाशी में अभियान पर निकले थे।



आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि ट्रेनिंग में प्रशिक्षक और प्रशिक्षणार्थी सहित कुल 175 लोग थे, जिसमें 29 लोग बर्फीले की चपेट में आए। 8 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है, जबकि 21 लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है. रेस्क्यू के लिए हेलीकॉप्टर कि मदद ली जा रही है।

इस घटना को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर लिखा कि द्रौपदी का डांडा-2 पर्वत चोटी में हिमस्खलन में फंसे प्रशिक्षार्थियों को जल्द से जल्द सकुशल बाहर निकालने के लिए एनआईएम की टीम के साथ जिला प्रशासन, एनडीआरएफ के जवानों की ओर से तेजी से राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

## नेशनल हेराल्ड मामला - ईडी की जांच में शामिल होंगे कांग्रेस के पांच नेता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नेशनल हेराल्ड केस में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस के पांच नेता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए पेश होंगे। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को जे. गीता रेड्डी, शब्बीर अली, पी. सुदर्शन जांच में शामिल हो सकते हैं। ईडी ने कांग्रेस नेता डी.के. शिवकुमार और उनके भाई डी.के. सुरेश को 7 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा है। यंग इंडिया और डोटेक्स कनेक्शन के बारे में सभी नेताओं से पूछताछ किए जाने की संभावना है। फर्म कथित तौर पर कोलकाता के बालीगंज के श्रीपल्ली के लोअर रॉडन स्ट्रीट पर स्थित है। यह आकाश दीप नामक आवासीय अपार्टमेंट में स्थित है। ईडी के एक सूत्र ने कहा, डोटेक्स फर्म ने यंग इंडिया को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। यह एक ऋण था जो उन्होंने 2010 में यंग इंडिया को दिया था। डोटेक्स मर्चेंडाइज द्वारा दिया गया ऋण कभी वापस नहीं किया गया। ईडी को संदेह है कि वाईआई के जरिए धन की हेराफेरी की गई।

**केस टाइमलाइन-** 1 नवंबर 2012 बीजेपी के पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में केस दर्ज कराया।

26 जून 2014 कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को तलब किया गया। 1 अगस्त 2014 प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में धन शोधन रोकथाम का मामला दर्ज किया।

19 दिसंबर, 2015 दिल्ली की अदालत ने गांधी परिवार को जमानत दी।

2016 कांग्रेस ने मामले को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया।

2019 नेशनल हेराल्ड अखबार की 64 करोड़ रुपये की संपत्ति एजेंसियों ने जब्त की। दिसंबर 2020 कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा का निधन। सितंबर 2021 कांग्रेस नेता ऑस्कर फर्नांडिस का निधन।

## तमिलनाडु में जंगली हाथियों के हमले रोकने के लिए पीडीएस दुकानों को किया जाएगा ऊंचा

**चेन्नई (आरएनएस)।** अनामलाई टाइगर रिजर्व (एटीआर) के वन अधिकारी जंगली हाथियों से जान माल की रक्षा के लिए वालपराई के थिरुमलाई में ऐसी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की है जो ऊंची जगहों पर हो, जो हाथियों की पहुंच से बाहर हो। सोमवार को एटीआर अधिकारियों, राजस्व और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों समेत वन विभाग के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया।



यदि वलपराई के थिरुमलाई में कार्यान्वित की जाने वाली परियोजना सफल होती है, तो इसे मानव-हाथी संघर्ष से प्रभावित स्थानों तक विस्तारित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, केरल वन विभाग ने हाल ही में अपने वन नीति में कटहल के पेड़ और अन्य फल देने वाले पेड़ लगाने का फैसला किया है जो वन भूमि के भीतर हाथियों को प्रिय हैं। केरल के वन विभाग से प्रेरणा लेते हुए तमिलनाडु भी अपनी वन भूमि पर कटहल के पेड़ लगाएगा ताकि जंगली हाथी वन भूमि की सीमा से लगे मानव बस्तियों में न जाएं।

वन विभाग और नागरिक आपूर्ति विभाग ने पीडीएस वस्तुओं तक जंगली हाथियों की पहुंच को रोकने के लिए एक मॉडल राशन की दुकान बनाने की पहल की है क्योंकि अगले तीन महीने हाथियों के प्रवास की अवधि होगी। बैठक में भाग लेने वाली राजस्व टीम का हिस्सा रहे नगरपालिका विभाग के अधिकारियों ने एटीआर अधिकारियों को वालपराई में पर्यटन स्थलों पर क्या करें और क्या न करें, साइन बोर्ड लगाने के लिए सूचित किया।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि, एटीआर क्षेत्र की अधिकांश पीडीएस दुकानों और वन भूमि की सीमा से लगे अन्य मानव निवासों में ऐसी दुकानें नहीं हैं जो कंक्रीट की संरचना हैं। ऐसे कई घटनाएं हुई हैं जिनमें जंगली हाथियों ने चीनी और गुड़ की दुकानों को टारगेट किया है।

## गृह मंत्रालय ने हिज्बुल-मुजाहिद्दीन के कमांडर सहित तीन को यूएपीए के तहत किया आतंकी घोषित





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में शामिल रहे आतंकी संगठन हिज्बुल-मुजाहिदीन के मुख्य प्रक्षेपण कमांडर सहित कुल 3 को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने इसको लेकर 3 अलग-अलग अधिसूचना भी जारी की हैं। गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में बताया है कि यूएपीए की शक्तियों का प्रयोग करते हुए शौकत अहमद शेख, इम्तियाज अहमद कांडू और बसीत अहमद रेशी को आतंकी घोषित किया गया है।

गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में ये भी बताया है कि हिज्बुल-मुजाहिदीन आतंकी संगठन है और यूएपीए के तहत प्रतिबंधित है। इसलिए इनके सदस्यों को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते आतंकी घोषित किया जा रहा है। तीनों आतंकियों का पूरा कच्चा चि_ा भी दिया गया है। शौकत अहमद शेख शौकत अहमद शेख उर्फ शौकत मोची, पुत्र गुलाम नबी शेख जिसका जन्म वर्ष 1970 में गनी हमाम, बारामुला, जम्मू-कश्मीर में हुआ था। वो इस समय पाकिस्तान में रहता है और आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के मुख्य प्रक्षेपण कमांडर के रूप में कार्य कर रहा है। शौकत अहमद शेख उत्तरी कश्मीर में अपने सहयोगियों के गहन नेटवर्क के कारण घुसपैठ का समन्वय करने में और आतंकवादियों की भर्ती करने तथा आतंकवादी हमलों में सम्मलित रहा है। शौकत अहमद शेख की जम्मू कश्मीर में आतंकी हिंसा फैलाने में मुख्य भूमिका है।

बसीत अहमद रेशी: बसीत अहमद रेशी, पुत्र मोहम्मद रमजान रेशी, जिसकी जन्म की तारीख 4 मार्च, 1996 है। वो यंबरजलवाडी शिवा इंगेरपोरा, जिला बारामूला, जम्मू-कश्मीर का निवासी है और इस समय पाकिस्तान में रहता है। बसीत आतंकवादी संगठन हिज्बुल-मुजाहिदीन का एक सदस्य है। बसीत अहमद रेशी विध्वंसक क्रियाकलापों में अंतर्वलित रहा है और जम्मू-कश्मीर में लक्षित हत्याओं का समन्वय कर रहा है। बासित अहमद रेशी ने 18 अगस्त, 2015 को सोपोर में तज्जौर शरीफ पेट अस्तान में बाबा अली रैना मजार की पुलिस चौकी पर एक आतंकवादी हमले की योजना बनाई और उसे निष्पादित किया, जिसमें एक पुलिसकर्मी और एक नागरिक मारा गया था। बसीत अहमद रेशी सीमा पार से हथियारों और गोला बारूद का प्रबंध करने तथा आतंकवाद के वित्त पोषण करने और आतंकवादी रैंकों में सम्मिलित होने के लिए युवाओं को प्रेरित करने में अंतर्बलित रहा है।

इम्तियाज अहमद कांडू: इम्तियाज अहमद कांडू उर्फ सजद उर्फ फयाज सोपोर पुत्र अब्दुल खालिक कांडू, निवासी कालतांग, सोपोर जम्मू-कश्मीर का है। वो इस समय पाकिस्तान में रहता है और आतंकवादी संगठन हिज्बुल-मुजाहिदीन का एक सदस्य है। इम्तियाज अहमद कांडू आतंकवादियों के लिए वित्त का प्रबंध करने, आतंकवादियों को आयुधों और गोलाबारूद की पूर्ति करने तथा स्वापक पदार्थों की तस्करी में सम्मलित रहा है। इम्तियाज अहमद कांडू सुरक्षाबलों और नागरिकों पर आक्रमणों का समन्वयन करता रहा है, जिसमें सुरक्षाबलों के अनेक कार्मिक और नागरिक मारे गए।

## ऑटो रिक्शा और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, 7 लोगों की दर्दनाक मौत



**वडोदरा (आरएनएस)।** गुजरात के वडोदरा में ऑटो रिक्शा और ट्रेलर ट्रक की टक्कर से कुल 7 लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना वडोदरा में वायु सेना स्टेशन दार्जीपुरा के पास की है। ऑटो रिक्शा और ट्रक की टक्कर से 7 लोग बुरी तरह घायल भी हो गए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

जिला कलेक्टर एपी गोर ने हादसे की जानकारी दी है। वहीं, पीएम मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास हजार रुपये की सहायता राशि देने की भी घोषणा की है। पीएमओ ने ट्वीट कर कहा, 'वडोदरा जिले में सडक़ दुर्घटना में हुई मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना है और घायल को शीघ्र स्वस्थ लाभ हो हर मृतक के परिजन को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

## त्योहारी सीजन में 179 विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा

❑ **छठ पूजा तक चलेंगी ट्रेन**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुगम और आरामदायक यात्रा के लिए रेलवे ने 179 विशेष ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है। ये 179 विशेष ट्रेनें (जोड़े में) 2269 फेरे चलाएंगी। रेल मंत्रालय के मुताबिक रेल यात्रियों की सुविधा यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। विशेष ट्रेनें दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा आदि रेल मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोडऩे के लिए चलाई जाएंगी। मंत्रालय ने त्योहारों की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण दस्ता, अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों को रखने की घोषणा की है। अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए आरपीएफ कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ नियंत्रण करने के उपाय किए जाएंगे।



साथ ही साथ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर आपातकालीन ड्यूटी पर अधिकारियों को तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा के किसी भी प्रकार के व्यवधान को दूर करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कर्मचारियों को विभिन्न वर्गों में तैनात किया जाता है। यात्रियों की सहायता के लिए मे आई हेल्प यू बूथ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर चालू रखे जायेंगे। जहां यात्रियों की उचित सहायता और मार्गदर्शन के लिए आरपीएफ कार्मिक और टीटीई की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रमुख स्टेशनों पर चिकित्सा दल कॉल पर उपलब्ध रहेगा। पैरामेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस भी उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही साथ सुरक्षा एवं सतर्कता विभाग के कर्मचारियों के जरिए ओवर चार्ज करना और दलाली गतिविधि आदि पर नजर रखी जा रही है और कड़ी निगरानी की जा रही है।


## बुलंदशहर में सांड को बचाने के लिए ड्राइवर ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक, बेपटरी हुई जम्मूतवी एक्सप्रेस

**बुलंदशहर (आरएनएस)।** बुलंदशहर में मंगलवार को जम्मू से टाटानगर जा रही जम्मूतवी टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन के सामने वैर स्टेशन के पास पटरी पर अचानक एक सांड आ गया, सांड को बचाने के लिए ड्राइवर को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े, इसके चलते ट्रेन का एक कोच पटरी से उतर गया। इससे यात्रियों में अफरातरफी मच गई। हालांकि फिर भी सांड ट्रेन से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। हादसे के कारण ट्रेन को तीन घंटे 40 मिनट के बाद रवाना किया गया। यह घटना सुबह आठ बजे की है।

**गनीमत रही कि ट्रेन की गति धीमी थी**

बुलंदशहर जिले के वैर रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे जम्मू से जमशेदपुर के टाटानगर जा रही जम्मू तवी टाटानगर एक्सप्रेस बेपटरी हो गई। गनीमत यह रही कि एक्सप्रेस की गति धीमी होने के कारण बड़ा हादसा बाल-बाल होने से टल गया। सांड के पटरी पर आ जाने के कारण ड्राइवर को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े थे। डीएम और एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। रेलवे प्रशासन ने ट्रेन को करीब पौने चार घंटे के बाद गंतव्य के लिए रवाना कर दिया।

**एस 7 बोगी हुई थी बेपटरी**



बुलंदशहर में वैर रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की सुबह आठ बजे क्रासिंग पर सांड के टकराने के कारण जम्मू तवी एक्सप्रेस की एक बोगी एस-7 पटरी से उतर गई। इमरजेंसी ब्रेक लगा कर गाड़ी को रोक दिया गया था। एक्सप्रेस के बेपटरी होने से ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों हडक़ंप मच गया। घटना के समय ट्रेन की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे थी। आला अफसर भी मौके पर पहुंच गए थे।

बेपटरी होने के बाद ट्रेन में बैठे यात्रियों को जबदस्त झटका लगा। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह ने एसएसपी श्लोक कुमार के साथ पहुंच निरीक्षण किया। ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। रेलवे ने बेपटरी कोच को अलग कर दिया था। डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। एक्सप्रेस को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है।